



# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज़

खबर वही, जो जिंदा रहे!

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

Vol. 12 Issue No. 08 Faridabad (NCR) | Tuseday, 16-31 May 2023 | Rate : 5 /- | RNI No. : HARBIL/2012/45536 | Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/21-23 | Page : 8





# 28 मई को नई संसद का इनॉगरेशन करेंगें प्रधानमंत्री, विपक्ष विरोध में

New Delhi/Agency

नए संसद भवन का इनॉगरेशन रविवार को दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। विभिन्न राज्यों से मेहमानों का आना भी शुरू हो चुका है। इनॉगरेशन प्रोग्राम में प्रधानमंत्री को सुनहरा राजदंड (सेंगोल) भेंट करने के लिए चेन्नई के धर्मपुरम अधीनम के 21 संत भी चेन्नई से दिल्ली पहुंच गए हैं। ये संत मोदी के लिए एक खास तोहफा भी लाए हैं।

इधर, बिहार के CM नीतीश कुमार ने एक बार फिर संसद की नई बिल्डिंग को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। नीतीश ने शनिवार को कहा- संसद भवन अलग से बनाने की क्या जरूरत थी। पुराने भवन को ही ठीक करवाना चाहिए था। मैं इसके खिलाफ हूं। कल के कार्यक्रम में मैं नहीं जाऊंगा। वहां जाने की कोई जरूरत नहीं है।



**नए संसद भवन से जुड़ी बाते...**

- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'नई संसद हमारी संस्कृति और आधुनिकता के मिलन का अप्रतिम उदाहरण है।'
- नए संसद भवन के उद्घाटन के विरोध में छुष्ठ नेता रविवार को दिनभर उपवास करेंगे।
- डेमोक्रेटिव प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने कहा, 'ये सपना हमने आज से 35 साल पहले नरसिम्हा राव की सरकार में देखा था। हमने PM के साथ नक्शा भी बनाया था। तब हमसे तो हो नहीं पाया, लेकिन अब बना है तो उसका स्वागत करना चाहिए। मैं विपक्ष के बहिष्कार के खिलाफ हूं।'
- नए भवन में त्रिपुरा के बांस की फ्लोरिंग, सीलिंग की संरचना दमन-दीव से मंगाई गई।
- संसद के बाहर लगा अशोक चक्र इंदौर का
- नई संसद का पहला वीडियो जारी हुआ था
- सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार
- 20 विपक्षी पार्टियों ने बहिष्कार किया, 25 दल शामिल होंगे।




## इपसा जल्द करेगा डीईओ और चारों विभागों के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर

Faridabad/Alive News

इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शुक्रवार को हार्डवेयर चौक स्थित एक होटल में प्रैस वार्ता कर शिक्षा विभाग का बड़ा खुलासा किया है। प्रैस वार्ता में इपसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रदीप गुप्ता, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डा. राजेश मदान, डा. शोभित आजाद, भूपेन्द्र श्योराण, लीगल सेल के चेयरमैन डा. तरूण अरोड़ा कहा कि इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने 20 मार्च 2023 को जिला शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद, जिला उपायुक्त फरीदाबाद, डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन पंचकूला और हरियाणा सरकार के खिलाफ एक जनहित याचिका माननीय न्यायालय में दायर की थी। उस जनहित याचिका में माननीय न्यायालय को बताया कि निजी स्कूल बिना परिवार पहचान पत्र के एमआईएस पोर्टल पर विद्यार्थियों को इनरोल नहीं कर पा रहे है।

इसकी सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय में जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने पेश होकर लिखित में स्टेटमेंट दी थी और उसमें कहा था कि हरियाणा सरकार, जिला उपायुक्त और जिला शिक्षा विभाग द्वारा ऐसा कोई नियम नहीं बनाया गया है कि बिना फैमिली आईडी के विद्यार्थियों का दाखिला न हो सके। लेकिन आज भी विद्यार्थियों के दाखिले करने के लिए निजी स्कूलों को शिक्षा विभाग के सरकारी पोर्टल एमआईएस पर फैमिली आईडी के बिना दाखिले नहीं कर पा रहे है।

इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के लीगल सेल के चेयरमैन डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट ने बताया कि आज भी बच्चों के दाखिला करने के लिए हरियाणा सरकार के सरकारी पोर्टल एमआईएस पोर्टल को खोलते हैं तो वहां पर फैमिली आईडी को कंपलसरी दिखाता है और बिना उसके दाखिला नहीं हो पा रहा है। एडवोकेट अरोड़ा ने कहा कि जल्द ही इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन का लीगल सेल सलाह-मशविरा करके जिला शिक्षा अधिकारी और चारों विभागों के खिलाफ एक कोर्ट ऑफ कंडप्ट व रिट याचिका हाई कोर्ट में दायर करेंगे, ताकि बिना परिवार पहचान पत्र वाले बच्चों को एडमिशन मिल सकें और वह शिक्षा ग्रहण कर सकें।

## आम आदमी पार्टी ने दिनेश मलिक को नियुक्त किया देहात जिलाध्यक्ष

Faridabad/Alive News



आम आदमी पार्टी ने हरियाणा संगठन में बदलाव किया है जिसके तहत प्रदेश के साथ साथ जिलों के संगठन में भी नए पदाधिकारी नियुक्त किए हैं, इसी कड़ी में फरीदाबाद से आम आदमी पार्टी नेता एवं पूर्व जिला परिषद चेयरमैन चौ. दिनेश मलिक को फरीदाबाद देहात का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।





# क्या आप भी जल्दी जल्दी नौकरी बदलते हैं ? ये हैं फायदे एवं नुकसान

**एक तो लोगों को नौकरी मिलना आज के समय में बेहद मुश्किल का कार्य है, वहीं कई लोग भाग्यशाली होते हैं, जिन्हें एक नौकरी छोड़ने से पहले ही दूसरी नौकरी मिल जाए ! ऐसे में थोड़ी ग्रोथ के लिए लोगबाग जल्दी-जल्दी नौकरी चेंज करने लगते हैं। शायद आप भी उनमें से हों, किन्तु अगर आप भी जल्दी जल्दी नौकरी चेंज करते हैं तो यह जान लें कि शार्ट टर्म में बेशक इसके कुछ फायदे दिखें, किन्तु दीर्घावधि में इसका काफी नुक्सान होता है।**

हालांकि अभी के समय में हालात यह हैं कि अब पहले की तरह लोग एक ही नौकरी पर बहुत दिन तक कार्य नहीं करते हैं, बल्कि नौकरी चेंज करने में वह अपनी ग्रोथ देखते हैं, और उसी अनुरूप डिसीजन भी लेते हैं।

किंतु जॉब बदलने का फैसला कुछ मामलों में बेशक ठीक लगता है, किंतु कुछ मामलों में यह कहीं ना कहीं नुकसान देता है ।आइये जानते हैं.अगर फायदे की बात करें तो आप यह जान लीजिए कि जॉब बदलने में सबसे पहले तो कुछ परसेंट ही सही, मगर आपकी सैलरी बढ़ जाती है ।निश्चित रूप से हर व्यक्ति चाहता है कि उसे उसके काम के अधिक से अधिक पैसे मिलें, और एक नौकरी में अगर उस अनुरूप ग्रोथ नहीं होती है, तो वह जॉब बदलना चाहता है, और ऐसे में उसे तुरंत ही ग्रोथ मिल जाती है।

वहीं अगर दूसरे फायदे की बात करें तो इससे पर्टिकुलर इंडस्ट्री में आपका नेटवर्क बेहतर होता है।

अगर एक कंपनी में आप जॉब करते हैं, फिर दूसरी कंपनी में जाते हैं, और इस तरीके से अलग-अलग कंपनी में आपका बेस तैयार होता चला जाता है।

इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह है कि एक ही कंपनी में काम करने पर आप कंफर्ट जोन में आ जाते हैं।आपकी स्किल कहीं ना कहीं सैचुरेट हो जाती है, तो दूसरी कंपनी में जब आप जाते हैं, तो वहां कुछ ना कुछ नया सीखने को अवश्य मिलता है।चाहे वहां आपका नया सीनियर हो, चाहे वहां का इनवायरमेंट हो, आप उस कंपनी से नई चीजें जरूर सीखते हैं, और यह वह चीज है जो आपको आने वाले दिनों में मजबूती करती है।इसके अलावा कई भारत लोग एक जगह पर कार्य करने से बोर भी हो जाते हैं, ऐसे में नयी जॉब में उन्हें नयापन भी मिलता है।

हालांकि यह इसका पॉजिटिव पक्ष है, किंतु कुछ निगेटिव पक्ष भी हैं, जिन्हें आपको अवश्य ध्यान में रखना चाहिए।

नुकसान की बात करें तो बार बार जॉब चेंज करने से पोजीशन के मामले में आपके आगे बढ़ने पर असर पड़ सकता है।जी हाँ! एक ही कंपनी में जब आप काम करते हैं, तो वहां आपकी कांस्टेंट ग्रोथ होती है।वहां आपको प्रमोशन मिलता रहता है, किंतु जब आप दूसरी कंपनी में जाते हैं, तो सीनियर पोजिशन पर आपको पहुंचने में कहीं ना कहीं दिक्कत होती है।

इससे आपकी लॉयल्टी भी चेक की जाती है।अगर आप कुछ ज्यादा ही जॉब चेंज करते हैं, तब आपको किसी हायर पोजिशन पर जॉब देने से एचआर मैनेजर निश्चित ही कई बार सोचेगा।

कंपनी अगर किसी जिम्मेदारी वाली पोस्ट पर आप की हायरिंग कर भी लेती है, तो भी कंपनी श्योर नहीं हो पाती है कि आप आखिर कितने दिन जॉब करेंगे? कहीं आप बीच में ही जॉब छोड़ कर कहीं और तो नहीं चले जाएंगे? ऐसे में आप शक के घेरे में आ जाते हैं!

यह कार्य सिर्फ पोजीशन के मामले में ही नहीं है, बल्कि प्रोजेक्ट अलॉटमेंट के मामले में भी है, तो क्लाइंट इंटरेक्शन के मामले में भी है।जब तक आप किसी कंपनी के लम्बे समय तक वफादार नहीं होते हैं, तब तक किसी बड़े प्रोजेक्ट की कमांड आपके हाथ में देने से निश्चित रूप से वह कंपनी हिचकिचाएगी।इसी प्रकार से बड़े क्लाइंट हैंडलिंग में भी कंपनी आपको तब तक इंवॉल्व नहीं करेगी, जब तक आप उसके प्रति लॉयल साबित न हो जाएँ! ऐसे में कहीं ना कहीं बड़ी संभावनाओं से आपके दूर रहने की शुरुआत हो जाती है।

कंपनी बार-बार चेंज करने का आपके फाइनेंसियल पोजीशन पर भी खासा असर पड़ता है।चाहे आप क्रेडिट कार्ड एप्लीकेशन के लिए अप्लाई करें, चाहे आप होम लोन या दूसरे लोन के लिए अप्लाई करें.आपकी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी जरूर चेक की जाती है।आप किस कंपनी में कितने लंबे समय तक रहे हैं, यह आपके लिए एक प्लस प्वाइंट साबित होता है।

वहीं अगर आप बार-बार अपनी जॉब चेंज करते हैं, तो कहीं ना कहीं आप की फाइनेंसियल स्टेबिलिटी पर एक सवाल खड़ा होता है।

## मैनेजेरियल स्किल डेवलपमेंट पर पड़ता है फर्क

जी हां! ऊपर से आपको बेशक लगे कि आप कुछ चीजें ऊपर ऊपर समझ गए हैं, किंतु प्रबंधन के गुणों को आप तब तक नहीं समझ सकते, जब तक आप किसी कंपनी में देर तक नहीं टिकेंगे! कहीं टिक कर काम करने के बाद ही कंपनी पॉलिटिक्स, प्रबंधन टेक्निक आप समझ पाते हैं।कंपनी अपने इन्वेस्टमेंट डिसीजंस किस प्रकार लेती है, वास्तव में उसकी रुचि और भविष्य की योजनायें क्या हैं, यह आप गहराई से एक समय के बाद ही समझ पाते हैं।अगर बाद में आप कभी अपना उद्यम शुरू करना चाहें, तो इसलिए जरूरी है कि किसी कंपनी में आप देर तक टिक कर काम करें, अन्यथा आप उसकी गहराई को नहीं समझ पाएंगे।






# पॉलीमर साइंस में बीटेक करने के बाद है शानदार करियर संभावनाएं

**विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं।**

मौजूदा तकनीकी दौर में पॉलीमर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इनमें प्लास्टिक, मोल्डेड सामग्री, सिंथेटिक फाइबर, रबर आदि शामिल हैं।ईको-फ्रेंडली और रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के साथ इन सभी पॉलीमर प्रोडक्ट्स के उचित प्रबंधन की आवश्यकता भी समय के साथ बढ़ रही है। यह काम पॉलिमर इंजीनियर्स करते हैं।वे प्लांट डिजाइन, प्रोसेस डिजाइन और थर्मोडाइनेमिक्स के सिद्धांतों का उपयोग करते हैं।विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं।आज के इस लेख में हम आपको पॉलीमर साइंस में बीटेक के बाद करियर अवसर के बारे में जानकारी देंगे-

## पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के अवसर

पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद आप सरकारी फर्मों जैसे सेंट्रल ग्लास एंड सिरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राउरकेला और सेंट्रल साल्ट एंड मरीन केमिकल्स रिसर्च इंस्टीट्यूट आदि में बतौर जूनियर रिसर्च फेलो काम कर सकते हैं।इन फेलोशिप कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की आवश्यकता है।कुल मिलाकर कम से कम 55% अंकों के साथ एम।टेक डिग्री प्राप्त करने के बाद कोई भी नेट के लिए बैठ सकता है।जिन उम्मीदवारों ने अपनी बी टेक डिग्री में 60% अंक प्राप्त किए हैं, वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक या इंजीनियर के रूप में 40,000/- रुपये के मासिक वेतन के साथ काम कर सकते हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन भी वैज्ञानिक बी पद की भूमिका में पॉलिमर इंजीनियरिंग स्नातकों की भर्ती करता है। इनके अलावा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) जैसे संगठन भी पॉलिमर इंजीनियरिंग में बी टेक स्नातकों को नियुक्त करते हैं।इनके अलावा स्नातक डिग्री धारक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, ऑयल इंडिया लेबोरेटरीज, पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग प्लांट्स और ऑयल एंड नेचुरल गैस कमीशन (ओएनजीसी) आदि विभागों में भी रोजगार पा सकते हैं।उम्मीदवार विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों में लेक्चरर पद का विकल्प भी चुन सकते हैं।

## पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद निजी क्षेत्र के अवसर

जर्मन आधारित कंपनी विंडमोलर एंड होल्शर, अक्सर अपने मैकेनिकल इंजीनियरिंग अनुभाग में संचालन करने के लिए पॉलिमर इंजीनियरों की भर्ती करती है।7 से 8 साल के कार्य अनुभव वाले लोग एलाइड सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स/बिजनेस डेवलपमेंट सेक्शन में जा सकते हैं।यहाँ आप 35,000/- से रु।50,000/- प्रति माह तक की सैलरी पा सकते हैं।

अपोलो टायर्स लिमिटेड, सिएट लिमिटेड आदि जैसी टायर कंपनियों को भी पॉलिमर इंजीनियर्स की जरूरत है।

पॉलीमर इंजीनियरिंग में स्नातकों के लिए क्वालिटी इंजीनियर, प्रोडक्शन इंजीनियर्स/ टेक्नोलॉजिस्ट, पॉलीमर स्पेशलिस्ट आदि सामान्य जॉब प्रोफाइल हैं।



# प्रतिभावान विद्यार्थियों को तराशती योजना
## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा

**नेशनल टेलेंट सर्च यानी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज एनसीईआरटी की एक प्रमुख योजना है। इसका उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना और उनकी प्रतिभा को बढ़ाना है। इसके तहत विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन और विधि जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह योजना प्रतिभावान विद्यार्थियों को मासिक स्कॉलरशिप के रूप में आर्थिक मदद दे कर सहयोग देती है। इस योजना में बेसिक साइंस, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य के पाठ्यक्रमों के लिए पीएचडी स्तर तक सहायता प्रदान की जाती है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन एवं विधि के लिए पीजी स्तर तक सहायता दी जाती है। एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कक्षा 8 स्तर पर किया जाता है।**

### स्कॉलरशिप

परीक्षा आयोजन के आधार पर कक्षा 8 की परीक्षाओं के लिए बैठे छात्रों के प्रत्येक समूह के लिए 1000 स्कॉलरशिप दी जाती हैं।

स्कॉलरशिप की राशि प्रत्येक माह 500 रुपए होती है।अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए 7.5 प्रतिशत और विकलांग छात्रों के लिए 3 प्रतिशत स्कॉलरशिप आरक्षित होती है।स्कॉलरशिप का भुगतान सीधे प्राप्तकर्ता को न देकर संबद्ध संस्थान के प्रमुख के माध्यम से दिया जाता है।

### चयन प्रक्रिया

प्रतिभाओं की पहचान दो स्तरीय लिखित परीक्षा के आधार पर की जाती है।प्रथम स्तर का चयन अलग-अलग राज्य/यूनियन टेरेटरीज द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है।प्रथम स्तर की परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही एनसीईआरटी द्वारा संचालित द्वितीय स्तर की परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र माने जाते हैं।राज्य और यूनियन टेरेटरीज राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना की प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा के साथ राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना की भी परीक्षा आयोजित करते हैं।

### पात्रता

मान्यताप्राप्त विद्यालयों के 8वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी उस राज्य/यूनियन टेरेटरी द्वारा संचालित प्रथम स्तर की परीक्षा में बैठने के पात्र होते हैं, जिस राज्य में विद्यालय स्थित है।

### आवेदन प्रपत्र

आवेदन-प्रपत्र प्राप्त करने के लिये राज्य संपर्क अधिकारी से संपर्क करें।आवेदन-प्रपत्र एनसीईआरटी की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।भरे हुए आवेदन प्रपत्र विद्यालय के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए।आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि तथा प्रपत्र कहां जमा कराया जायेगा, इस संबंध में संबंधित राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र के संपर्क अधिकारी से पता किया जा सकता है।विभिन्न राज्यों की आवेदन प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथियां भिन्न हो सकती हैं।

### शुल्क

एनसीईआरटी द्वारा द्वितीय स्तर की परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता।राज्य और यूनियन टेरेटरी प्रथम परीक्षा के लिए अपेक्षित शुल्क के भुगतान के लिए अधिसूचना जारी कर सकते हैं। इसलिये आवेदन प्रपत्र जमा करने से पहले कितनी और कैसे फीस दी जायेगी, इसका पता अपने राज्य संपर्क अधिकारी से लगा लेना चाहिए।

### परीक्षा माध्यम

परीक्षा हिन्दी व अंग्रेजी के साथ असमी, बंगला, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू में संचालित की जाएगी।अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र में जिस भाषा में परीक्षा देना चाहते हैं, उस विकल्प का उल्लेख करें।इसके आधार पर ही अभ्यर्थी को उस भाषा में प्रश्न पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी।

### परीक्षा-विधि

8वीं के लिए लिखित परीक्षा की विधि इस प्रकार है - प्रथम स्तर की राज्य/ यूनियन टेरेटरी स्तर पर संचालित परीक्षा में दो भाग होंगे (अ) मानसिक योग्यता परीक्षण (एमएटी) और (ब) शैक्षिक योग्यता परीक्षण (एसएटी)।इनमें सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित विषय शामिल होंगे।द्वितीय स्तर की राष्ट्रीय स्तर पर संचालित परीक्षा में (अ) मानसिक योग्यता परीक्षण (एमएटी) और (ब) शैक्षिक योग्यता परीक्षण (एसएटी) शामिल होंगे।इनमें सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित विषय शामिल होंगे।(स) इंटरव्यू - इंटरव्यू के लिए उन्हीं अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर संचालित लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

### लिखित परीक्षा

लिखित परीक्षा में प्रथम भाग एमएटी और द्वितीय भाग एसएटी शामिल होंगे।दोनों परीक्षाएं एक छोटे से अंतराल पर अलग-अलग ली जाएंगी।मानसिक योग्यता परीक्षा-एमएटी - चार विकल्पों सहित इसमें 90 मल्टीच्वॉइस प्रश्न होंगे, जिनमें से केवल एक सही उत्तर होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। समय 90 मिनट होगा।

### स्कॉलरशिप पाने की सामान्य शर्ते

स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार अनुमोदित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हो।वह अच्छा आचरण बनाए रखता हो (संस्थान प्रमुख द्वारा प्रमाणित) और अपना अध्ययन एक नियमित विद्यार्थी के रूप में कर रहा हो।बिना उचित अवकाश के अनुपस्थित न होता हो।पूर्णकालिक आधार पर अध्ययन करता हो।कोई रोजगार नहीं करता हो।राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना पीएचडी कोर्स को छोड़ कर छात्रवृत्ति प्राप्तकत्ताओं को कोई अन्य स्कॉलरशिप स्वीकार करने से वंचित नहीं करती, अलबत्ता किसी भी पाठ्यक्रम के लिए विदेश में अध्ययन के लिए कोई स्कॉलरशिप उपलब्ध नहीं होगी।यदि कोई प्राप्तकर्ता पंजीकरण/प्रवेश के एक माह के अंदर अपने पाठ्यक्रम का अध्ययन छोड़ता है तो उसे कोई स्कॉलरशिप नहीं दी जाएगी।



# विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं

**विजुअल मर्चेंडाइजिंग शब्द भले ही कुछ लोगों के लिए नया हो, लेकिन सेल्स और एडवरटाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोग इससे भली-भांति वाकिफ हैं। विजुअल मर्चेंडाइजिंग वास्तव में एक आर्ट है, जिसमें एक व्यक्ति किसी प्रॉडक्ट या सर्विस को क्लाइंट्स के सामने कुछ इस तरह पेश करता है ताकि वह सेल्स को बढ़ावा दे सके। अब इस कॉन्सेप्ट को रिटेल सेक्टर में एक मार्केटिंग टूल के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में वह सभी गतिविधियां शामिल हैं, जो रिटेल स्टोर्स में उत्पादों की बिक्री बढ़ाने में मदद करती हैं। उदाहरण के तौर पर, प्रॉडक्ट के संभावित ग्राहकों के माइंड को समझना और उपभोक्ताओं को उत्पाद के बारे में शिक्षित करना व प्रॉडक्ट को बेहद इफेक्ट व क्रिएटिव तरीके से पेश करना आदि। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस करियर के बारे में**

## क्या है विजुअल मर्चेंडाइजिंग

एजुकेशन एक्सपर्ट बताते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को विजुअल मर्चेंडाइजर कहा जाता है।विजुअल मर्चेंडाइजर ऐसे पेशेवर हैं जो किसी भी ब्रांड, एक चेहरे को देने के लिए जिम्मेदार हैं।वे ऑनलाइन शॉपर्स और रिटेल स्टोर दोनों के लिए विंडो और स्टोर डिस्प्ले में अवधारणा, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं।वे स्टोर थीम की योजना बनाते हैं, डिस्प्ले के लिए प्रॉपर की व्यवस्था करते हैं, डिस्प्ले फिक्स्चर और लाइटिंग की व्यवस्था करते हैं, ओपनिंग से पहले स्टोर सेट करते हैं, फ़्लोर प्लान के साथ काम करते हैं और डिस्प्ले को बनाने के लिए सेल्स फ़्लोर पर स्टोर कर्मियों को प्रशिक्षित करते हैं।एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य उद्देश्य स्टोर की छवि के अनुरूप डिस्प्ले बनाना और अधिक ग्राहकों को स्टोर में लाना है।

## शैक्षणिक योग्यता

आजकल ऐसे कई इंस्टीट्यूट हैं जो विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं।इस कोर्स को करने के लिए छात्र का 12वीं पास होना आवश्यक है।हालांकि अधिकतर जगहों पर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को फैशन डिजाइनिंग या फैशन टेक्नोलॉजी कोर्स के तहत पढ़ाया जाता है।

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, विजुअल मर्चेंडाइजिंग के कोर्स में छात्रों को विजुअल मर्चेंडाइजिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जाता है जैसे कि रिटेल स्टोर का लेआउट और डिजाइन, इंटीरियर डेकोरेशन, स्टोर के अंदर फर्नीचर और फिक्स्चर की स्थापना, स्टोर डिस्प्ले और उत्पादों की प्रस्तुति, विभिन्न संचार साधनों के उपयोग के जरिए ग्राहकों को आकर्षित करना।

## व्यक्तिगत गुण

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों में डिजाइनिंग और क्रिएटिविटी के गुण का होना बेहद आवश्यक है।एक विजुअल मर्चेंडाइजर में बेहतरीन आर्गेनाइजिंग स्किल्स होने के साथ-साथ प्लानिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट व टाइम मैनेजमेंट आदि विशेषताएं भी होनी चाहिए।इसके अलावा उनमें संचार व इंटरपर्सनल स्किल्स, समस्या सुलझाने की क्षमता और कंप्यूटर का ज्ञान होना भी जरूरी है।कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि विजुअल मर्चेंडाइजर को उपभोक्ताओं के मनोविज्ञान को जानना आना चाहिए और उसे रूझानों का भी पूर्वानमान लगा लेना चाहिए।

## संभावनाएं


शॉपिंग मॉल, फाइव स्टार होटल, बुटीक व रिटेल आउटलेट्स की संख्या बढ़ने के साथ ही विजुअल मर्चेंडाइजर्स की मांग में भी काफी इजाफा हुआ है।विजुअल मर्चेंडाइजर फैशन बुटीक, शॉपिंग मॉल, एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटेक्चर फर्म, थीम पार्टी ऑर्गनाइजिंग कंपनी आदि में जॉब कर सकते हैं।वे प्रदर्शनियों, मेलों, ब्यूटी कॉन्टेस्ट, अवार्ड सेरेमनी, मॉल, रिटेल में विंडो डिस्प्ले के लिए अनुबंध के आधार पर फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर भी दस से पंद्रह हजार आसानी से कमा सकता है।वहीं कुछ समय के अनुभव के बाद आप किसी बड़े ब्रांड के रिटेल आउटलिट में काम कर सकते हैं और एक आकर्षक पैकेज पा सकते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, बैंगलोर
- द सिंथेटिक एंड आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन, मुम्बई
- स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड मैनेजमेंट स्टडीज, कोच्चि
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा



## 20वीं जिला ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 का शुभारंभ, पहले दिन लड़कों का मुकाबला




Faridabad/Alive News

शनिवार को फरीदाबाद जिला ताइक्कांडो संघ के ततावधान में 20वी फरीदाबाद जिला ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन संघ के अध्यक्ष एडवोकेट दुष्यंत शर्मा, सचिव रामधन, सह सचिव महाजीत शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट प्रिया शर्मा तथा आयोजक सचिव हंसराज कुंडू के तत्वाधान में खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद में हुआ।

संघ के सचिव रामधन ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो दिनों तक चलेगी। पहले दिन लड़कों की प्रतियोगिता में लगभग 150 खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पूर्व जिला खेल अधिकारी अनिता भाटिया व विशेष अतिथि के रूप में ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह गिल ने किया। शनिवार की प्रतियोगिता के सभी पदक विजेताओं को पदक वितरण वरिष्ठ समाजसेवी कृषणवीर शर्मा ने किया।

वरिष्ठ समाजसेवी कृषणवीर शर्मा ने प्रतिभागी खिलाडियों को बताया कि खेल से व्यक्ति का शारारिक विकास होता है और ताइक्कांडो आत्मरक्षा का खेल है। उन्होंने फरीदाबाद में जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष एडवोकेट दुष्यंत शर्मा ने अच्छी शुरुआत की है। यह खेल लड़कियों के लिए काफी उपयोगी है।

# आईसीएसई बोर्ड में जीवा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

Faridabad/Alive News

सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आईसीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं और बारहवीं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जीवा पब्लिक स्कूल फरीदाबाद का आईसीएसई बोर्ड का सर्वश्रेष्ठ स्कूल है जो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

स्कूल के सभी बोर्ड छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले में जीवा पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्रों के अथक प्रयास और साल भर की मेहनत का फल आज रविवार को बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में देखने को मिला है। यही वह समय होता है जब वह छात्रों के भविष्य का निर्माण होता है। स्कूल की प्रधानाचार्य अपर्णा शर्मा ने बताया कि दसवीं कक्षा में कुल 108 बच्चे ने और बारहवीं कक्षा में कुल 60 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। दसवीं में विज्ञान संकाय में टॉपर रहे छात्रा यलीना 96.6 प्रतिशत अंक, अक्षिता 95.5, हर्षित 94.3, वाणिज्य संकाय में राधिका 92.3, बाहरवीं में विज्ञान संकाय में टॉपर रहे निश्चय कथुरिया 93.2 व आकांक्षा चौधरी 91.2, वाणिज्य




संकाय में स्नेहा मनवानी 84 अंक।

**दसवीं कक्षा में इन विद्यार्थियों के रहे सर्वश्रेष्ठ अंक**

अंग्रेजी विषय में यलीना व अक्षिता-93, तनुश्री व दृष्टि-92, सौम्या-91, लतीषा-90 और गणित में यलीना-98, अवन्तिका, दक्ष व हर्षित पंत-96, यश-95, कुनाल, अक्षिता व मुस्कान-94, लावण्या, आयुष गुप्ता व अनिरूद्ध-93, ऋतुराज, शाश्वत व वैभव-92, तनुश्री, रौनित व वास्वी-91, इषा-90 पर रही। इसके अलावा हिन्दी में यलीना, अवन्तिका, मुस्कान-99, प्रिषा, अक्षिता , हर्षित पंत-98, दृष्टि पांडे, वास्वी, वैभव दीक्षित, यश, हिमांशु -97, गुनिका, दृष्टि शर्मा-96, सौम्या, हर्षिता पाल-95, तनुश्री, ईशा, कुनाल, आयुष, राधिका-94, शाश्वत, प्राप्ति सिंह, प्रियंका नेगी-93, जानवी, लावण्या, प्रियंका मनवानी-92, प्राप्ति चंदीला व लतीषा-90 अंक प्राप्त किये। वही इतिहास विषय में यश व हिमांषी-98, हर्षित, शाश्वत व अक्षिता-96, वास्वी-95, लावण्या, अवन्तिका व दृष्टि-94, यलीना-93, वैभव-92, ईशा-91, राधिका-90 अंक और भूगोल विषय में यलीना-97, यश व वैभव-96, मुस्कान, हर्षित व दक्ष-95, हिमांषी व अक्षिता-94, अवन्तिका, प्रिषा, लतीषा, लावण्या-93, जानवी-91, वास्वी-90 अंक तथा फिजिक्स में यलीना-94, हर्षित पंत-92, वैभव, अवंतिका व मुस्कान-90 अंक प्राप्त किये। इसके अलावा केमिस्ट्री में यलीना-95, अक्षिता-92, आयुष, दक्ष, मुस्कान-91, वास्वी-90 और जीव विज्ञान में हिमांशी भाटिया-100, मुस्कान यादव-99, यलीना व यश अग्रवाल-98, दक्ष, हर्षित, वास्वी व अक्षिता-97, अवंतिका-96, लावण्या, वैभव, दृष्टि शर्मा-95, आयुष गुप्ता, शाश्वत व प्राप्ति सिंह-92, कुनाल-91, जानवी-90 अंक तथा कमर्सियल स्टडीज् में अंकित व राधिका-98, भाव्या-94, पार्थ-93, हर्षी व नियती-92, रिया-90 अंक लिये। वही इकॉनामिक्स में राधिका सैनी व अंकित मेहतो-97, भाव्या सिंह-95, अंश-94, वैभव-93 अंक और शारीरिक शिक्षा में लतीषा व मुस्कान-99, प्रिशा व भाव्या-97, सुमित व वैभव-96, अंकित व राघव-95, दृष्टि, कनिष्का व हरमिलन-93, प्रियंका, प्राची व पार्थ-92, राधिका व सार्थक-91, निखिल-90 अंक लिये। इसके अलावा कम्प्यूटर ऐपलिकेशन में अक्षिता-100, यलीना, हर्षित पंत, हिमांषी व दक्ष-99, अवन्तिका, वैभव, वास्वी व आयुष-98, प्रप्ति-97, प्रथम व यश-96, अनिरूद्ध-95, लावण्या-94, शिवराज, त्रिह्युराज, भूमिका-93, हर्षिता, गुणिका व रवनीत-92, ईशा-91अंक और आर्टस विषय में प्राप्ति-97, दृष्टि-95, हिमांशू व भूमिका-93, दिशा व आर्यन-92, यश-91 अंक लेकर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

**बारहवीं कक्षा में इन विद्यार्थियों के रहे सर्वश्रेष्ठ अंक**

अंग्रेजी विषय में आकांक्षा चौधरी-95, निश्चय कथुरिया-93, संजना राना-90 अंक और गणित में आकांक्षा चौधरी-93, निश्चय कथुरिया-93, सुप्रिया-91 अंक तथा जीव विज्ञान विषय में संजना राना-90 अंक प्राप्त किये। इसके अलावा अकांउटेंसी में छात्रा स्नेहा मनवानी-90 अंक लेकर अव्वल रही। वही शारीरिक शिक्षा में संजना राना, यश व पारूल-95, यश कुमार व स्नेहा मनवानी-94, लक्की, गगन, सानिया खान, अनमोल, समृद्धि व अंषिका-93, वैभव, सुप्रिया-92, दिवाकर-91, सुरभी, देवेश-90अंक लिये तथा कम्प्यूटर साइंस में निश्चय कथुरिया-98, आकांक्षा चौधरी, दिशा-91 अंक लेकर स्कूल का नाम पूरे फरीदाबाद में रोशन किया है।

इस अवसर स्कूल के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चन्द्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेवा एवं प्रधानाचार्य अपर्णा शर्मा ने सभी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिले में हरियाणा बोर्ड 12वीं के परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने मारी बाजी



Faridabad/Alive News

हरियाणा बोर्ड द्वारा 12वीं का रिजल्ट जारी होते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे है। इस साल भी फरीदाबाद की बेटियों ने जिले में बाजी मारी है। जिले में एक लड़के और पांच लड़कियों ने टॉप तीन में जगह बनाई है। हरियाणा बोर्ड 12वीं में फरीदाबाद के गांव अटाली स्थित एम. बी. एल. स्कूल के छात्र अमन ने कॉमर्स विषय में और त्रिखा कॉलोनी के न्यू हैवन मॉडल स्कूल की छात्रा क्षितिज कुमारी ने आर्ट्स विषय में 98.3 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, तिगांव की छात्रा अजंलि ने कॉमर्स विषय में 500 में से 489 अंको के साथ जिले में दूसरे स्थान पर रही है। वहीं एनआईटी के नंगला रोड स्थित अग्रवाल मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री स्कूल की छात्रा राशि, गांव साहूपुरा स्थित सर वी. बी पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल की छात्रा माही शर्मा और बल्लभगढ़ के अग्रवाल गर्ल्स स्कूल की छात्रा यशिका ने 500 में से 484 अंक प्राप्त कर जिले में तीसरे स्थान पर रही है।

फरीदाबाद से करीब 1612 विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। वहीं, 12वीं में जिला टॉप करने वाले अमन और क्षितीज कुमारी का कहना है कि इस बार फुल सिलेबस की परीक्षा दी थी। परन्तु तैयारी कुछ खास नहीं हुई थी। लेकिन मार्क्स देख वह खुश है। पहले कोरोना काल में हमारे सीनियर को दो सेमेस्टर में परीक्षा देनी पड़ी थी। उस दौरान थोड़ी सी परीक्षा पैटर्न को समझने में दिक्कत हुई, लेकिन इस बार अध्यापकों के सहयोग से सब कुछ ठीक रहा।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में आइडियल स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन

Faridabad/Alive News

लक्कडपुर शिव दुर्गा विहार स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की प्रिंसिपल एवं निदेशक सुदेश भड़ाना ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को बधाई दी। शुक्रवार को आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आइडियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया। इसी कड़ी में छात्र तुषार कुमार ने 90.20 फीसदी अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, पुष्कर सिंह ने 89.62 अंक के साथ द्वितीय स्थान और प्रिंस गौतम ने 87.60 फीसदी अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रिंसिपल एवं निदेशक सुदेश भड़ाना ने बताया कि विषय अनुसार अंक में पुष्कर सिंह ने अंग्रेजी में 90 अंक, हिंदी में आदित्य मिश्रा ने 95 अंक, गणित में पुष्कर सिंह ने 88 अंक, सामाजिक विज्ञान में तुषार कुमार ने 95 अंक और इंफोमेशन टेक्नोलॉजी में प्रथन ने 95 अंक प्राप्त किए।



**बारहवीं की परीक्षा में छात्र कुणाल यादव ने स्कूल किया टॉप**

सीबीएसई कक्षा बारहवीं का रिजल्ट शानदार रहा। स्कूल की निदेशक एवं प्रिंसिपल सुदेश भड़ाना ने सभी टॉपर विद्यार्थियों का फूलमालाओं और मिठाई खिलाकर बधाई दी। स्कूल की निदेशक एवं प्रिंसिपल सुदेश भड़ाना ने बताया कि बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा के विज्ञान विषय में 92.40 प्रतिशत अंक लेकर कुणाल प्रसाद यादव ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं कला संकाय में 90.80 प्रतिशत अंक लेकर रितेश सिंह बहनदुदा दूसरे स्थान पर रहें हैं और प्राची ठाकुर ने कॉमर्स विषय में 89 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में विषयवार टॉपर विद्यार्थियों में मुस्कान शर्मा ने इंग्लिश में 91 प्रतिशत अंक, प्राची ठाकुर ने इंग्लिश में 90 प्रतिशत अंक, प्राची ठाकुर ने अकाउटेंसी में 95 प्रतिशत अंक, कुणाल प्रसाद यादव ने रसायन विज्ञान में 95 प्रतिशत अंक, कुणाल प्रसाद यादव ने कंप्यूटर विज्ञान में 91 प्रतिशत अंक, मुस्कान शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक, निशा कुमारी ने अर्थशास्त्र में 94 प्रतिशत अंक, रितेश सिंह बहनदुदा ने भूगोल में 97 प्रतिशत अंक, सौरभ सिंह 94 अंक और कुणाल प्रसाद यादव ने गणित शास्त्र में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि शारीरिक शिक्षा और राजनीति शास्त्र में 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के संस्थापक एवं चेयरमैन फूलचंद भड़ाना ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कमाना की।

## विद्यासागर स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

Faridabad/Alive News

गांव घरौड़ा के विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट और शत-प्रतिशत रहा है। परिणाम घोषित होने के उपरांत से लेकर दूसरे दिन विद्यालय परिसर में मिठाई का दौर जारी रहा। वहीं परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यालय की तरफ से निदेशक शम्मी यादव ने बताया कि दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राकेश दायमा 92 प्रतिशत अंक, विवेक कौशिक 91.6 प्रतिशत, ध्रुव कुमार 90 प्रतिशत, साक्षी 89 प्रतिशत, खुशबू भाटी 84 प्रतिशत, भविष्य यादव 84 प्रतिशत, महक शर्मा 83.8 प्रतिशत, पलक 83.8 प्रतिशत, श्रेया 83 प्रतिशत, कृष्णा सोनी 81.8 प्रतिशत, गतिश 81 प्रतिशत, मोहित 80.4 प्रतिशत, ध्रुव नागर 79.8 प्रतिशत, तन्शी 78.8 प्रतिशत, कृतिका 78.6 प्रतिशत, ध्रुव शर्मा 78.2 प्रतिशत, सचिन कुमार 78




प्रतिशत, यश 77.8 प्रतिशत, अंकिता 77 प्रतिशत, चेतन, 76.6 प्रतिशत, अक्ष 76.4 प्रतिशत, निशू 76.2 प्रतिशत, सचिन 76 प्रतिशत, स्नेहा यादव 75.4 प्रतिशत, रितेश 74.8 प्रतिशत, विपाशू त्यागी 74.2 प्रतिशत, वरूण त्यागी 73.6 प्रतिशत, आर्यन कौशिक 73.2 प्रतिशत, निखिल 72.6 प्रतिशत, शैलेंद्र 71.4 प्रतिशत, कृष्णवी 71.2 प्रतिशत, विधि 70.8 प्रतिशत, यक्षिता 70.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है बाकि स्कूल के सभी विद्यार्थी फर्स्ट डिवीज़न के साथ पास हुए। विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि इस बार के परीक्षा परिणाम ने उसके स्कूल के विद्यार्थियों न केवल फ़रीदाबाद में बल्कि प्रदेश भर में नाम रोशन किया। जिसको मुख्य कारण विद्यालय में छात्राओं की पढ़ाई-खेल व अन्य प्रतियोगिताओं को लेकर बढ़ावा देना रहा है। उन्होंने सभी को विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षक को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी अगर सच्ची और लगन से अपने गोल को निधार्रित कर कार्य करे तो अवश्य सफलता मिलती है। कभी भी विद्यार्थी द्वारा की गई मेहनत निसफल नहीं जाती है। स्कूल चैयरमैन धर्मपान यादव ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें उनकी सफलता की बधाई दी और कहा कि इस सफलता के लिए बच्चों के साथ-साथ शिक्षक व अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की भी कामना की।

# बोर्ड का परीक्षा परिणाम शिवाजी स्कूल के लिए रहा एक ओर हर्षित पल

Faridabad/Alive News

पर्वतीय कालोनी के शिवाजी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल का हरियाणा बोर्ड 12वीं की परीक्षा कुछ 64 विद्यार्थियों ने दी थी जिनमें से 14 विद्यार्थियों ने मैरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाया है। इस अवसर पर मैरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करने वाले विद्यार्थियों का स्कूल पहुंचने पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। स्कूल के अध्यापक, प्रिंसीपल और स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर विभाग ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

स्कूल के मैनेजर अरुण कुमार ने बताया कि बारहवीं कक्षा के छात्र कृष्णा सक्सेना ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। स्कूल के तीन छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि जिन



विद्यार्थियों ने 12वीं हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में मैरिट लिस्ट में नाम दर्ज किया है उनमें स्कूल का छात्र कृष्णा सक्सेना-91.2 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में पहले स्थान पर रहा, जबकि छात्रा रितु कुमारी -91 प्रतिशत अंक, वंदना- 90.8 प्रतिशत अंक, अंजलि- 88 प्रतिशत अंक, मीरा-85.6 प्रतिशत अंक, निशा-85.4 प्रतिशत अंक, सुहानी-84.2 प्रतिशत अंक, लता-84 प्रतिशत अंक, ज्योति-83.8 प्रतिशत अंक लेकर क्षेत्र में परचम लहराया है। वहीं छात्र सूरज ने 82.8 प्रतिशत अंक, छात्रा सुषमा- 82.8 प्रतिशत अंक, सानिया- 80.8 प्रतिशत अंक, बिजेंद्र -80.4 प्रतिशत अंक, प्राची-80.2 प्रतिशत अंक अर्जित करके अपना क्षेत्र में लोहा मनवाया है।

**सेकंडरी की परीक्षा में 23 विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज कराया मैरिट लिस्ट में**

स्कूल का दसवीं हरियाणा बोर्ड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। बोर्ड की परीक्षा में 23 विद्यार्थियों ने मैरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाया है। इस अवसर पर मैरिट लिस्ट में



अपना नाम दर्ज करने वाले विद्यार्थियों का स्कूल पहुंचने पर अध्यापक, प्रिंसीपल और एडमिनिस्ट्रेटर विभाग ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। सभी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के मैनेजर अरुण कुमार ने बताया कि दसवीं कक्षा के छात्र दिवाकर ने 500 में से 460 (92 प्रतिशत) अंक अर्जित कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और विद्यालय के चार छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया है, इनमें साहिल ने 90.8 प्रतिशत, श्रुति ने 90.2 प्रतिशत और नेहा ने 90.0 प्रतिशत अंक अर्जित किए। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मैरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है उनमें छात्रा रितिका-88.6 प्रतिशत अंक, मनप्रीत-88.2 प्रतिशत अंक, लक्ष्मी-88.2 प्रतिशत अंक, डाली-87.8 प्रतिशत अंक, अनुष्का-87 प्रतिशत अंक, अर्चना-86.8 प्रतिशत अंक, अमनीष-85 प्रतिशत अंक, राजू-84.6 प्रतिशत अंक, सचि-84.6 प्रतिशत अंक, गुलशन-84.2 प्रतिशत अंक, सचिन-84 प्रतिशत अंक, गौरी-83.6 प्रतिशत अंक, तरुण-83 प्रतिशत अंक, हिना-82.8 प्रतिशत अंक, पूजा-81.6 प्रतिशत अंक, रश्मि-81 प्रतिशत अंक, रोशन-80.8 प्रतिशत अंक, ईशा-80.6 प्रतिशत अंक और पूजा-80.4 प्रतिशत अंक लेकर क्षेत्र में स्कूल और अपने अभिभावकों का मान बढ़ाया है।

## नेहरू कॉलेज के छात्रों ने लिया राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण एएसईआर में भाग



Faridabad/Alive News

सेक्टर-16 के राजकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य डॉ एम के गुप्ता के निर्देशन में समाजशास्त्र विभाग के छात्रों ने प्राथमिक शिक्षा पर आधारित राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण (एएसईआर) में भाग लिया है। उक्त उद्देश्य से सर्वेक्षण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र विभाग एवं प्रथम फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एएसईआर पूरे देश में आयोजित किया गया है जिसमें फरीदाबाद स्तर पर समाजशास्त्र विभाग के छात्रों ने प्राथमिक डेटा संग्रह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए गए। पूरी गतिविधि समाजशास्त्र विभाग की डॉ अंशु भट्ट और संकाय के सदस्य संजीव कुमार की देखरेख में आयोजित की गई।

## मानव संस्कार स्कूल में मातृ दिवस पर किया गया सुंदरकांड पाठ



Faridabad/Alive News

गत शनिवार 13 मई को धीरज नगर एत्मादपुर स्थित मानव संस्कार पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में सुंदरकांड पाठ किया गया। पाठ का लक्ष्य छात्रों में संस्कार सृजन तथा परंपराओं के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस कार्यक्रम में सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के डायरेक्टर योगेश शर्मा ने इस उपलक्ष पर प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन भी किया। स्कूल के डायरेक्टर योगेश शर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें हनुमान जी जैसे गुण, बल, ज्ञान, बुद्धि व विवेक को आत्मसात करना चाहिए। सभी कार्य प्रभु को समर्पण करते हुए करने चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ कौमुदी भारद्वाज ने सभी माताओं का सुंदरकांड पाठ में पहुंचने पर अभिवादन किया और छात्रों को मातृ भक्ति का महत्व बताया।

# बच्चों की पहली गुरु मां ही होती है: दीपिका सिंह



Faridabad/Alive News

सेंट माइकल स्कूल ने मदर्स-डे बड़ी धूमधाम से मनाया, जिसमें बच्चों के साथ उनकी माताओं ने भी परस्पर सहयोग कर कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री एवं (दीया और बाती की फेम आईपीएस संध्या राठी) दीपिका सिंह मौजूद रही।

मुख्य अतिथि दीपिका सिंह ने स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका गुलाटी एवं सभी टीचर्स की भव्य कार्यक्रम के लिए सभी के सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल मोनिका गुलाटी ने आधी आबादी मातृशक्ति के बिना यह संसार अधूरा है इसलिए मातृशक्ति का अभिनंदन करना अति आवश्यक है। आए हुए सभी मेहमानों का आभार प्रकट करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अध्यापिका मोनिका गुलाटी तथा मुख्य अतिथि दीपिका सिंह ने सभी विजेता माताओं को ट्रॉफी तथा सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों, अभिभावकों व अन्य स्टाफ ने सेल्फियां व फोटो खिंचवाई।

## आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे और ताइक्कांडो में भी आगे रहेंगी : सीमा त्रिखा

Faridabad/Alive News

सेक्टर-12 खेल परिसर में चल रही दो दिवसीय जिला स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 का समापन मुख्यातिथि बड़खल विधायक सीमा तिरखा के द्वारा विजेता खिलाडियों को मैडल पहनकर हुआ। यह चैंपियनशिप फरीदाबाद जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष एडवोकेट दुष्यंत शर्मा, सचिव रामधन, सह सचिव महाजीत शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट प्रिया शर्मा तथा आयोजक सचिव हंसराज कुंडू की रेखदेख में चल रही थी। मुख्यातिथि विधायक सीमा तिरखा ने पहले सभी को मदर्स-डे की बधाई दी और कहा कि सभी युवा, बच्चों को अपने अंदर अनुशासन पैदा करने के लिए खेल का हिस्सा बनना जरूरी है और वह समाज को खेल के साथ जोड़ना चाहती हैं। उन्होंने बच्चों को लेकर माता पिता को कहा कि उन्हें हर ऊंचाई दे, हर सुविधा दे लेकिन उन्हें संस्कार और मर्यादा का भी पाठ पढ़ाये। अगर संस्कारों के साथ एक अच्छे नागरिक को जन्म नहीं दे सकते है तो हम देश को एक जिम्मेदारी दे रहे अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और आज रविवार के दिन लड़कियों ने अपनी प्रतिभा से आये हुए अतिथियों को अपना जोहर दिखाया। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप के विजेता




है। हमे बच्चों को मूल्यवान बनाना है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे है और इस खेल में भी आगे रहेंगी। संघ के अध्यक्ष एडवोकेट दुष्यंत शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय चैंपियनशिप पहले दिन लड़कों ने खिलाड़ी राज्यस्तरीय चैंपियनशिप के लिए चयनित होते है। आज 125 प्रतिभागी खिलाडियों ने भाग लिया है। विजेता खिलाडियों को मैडल दिए गए है और सभी प्रतिभागी खिलाडियों को सर्टिफ़िकेट दिए गए है।

# एशिया में उमस भरी ताप लहर की सम्भावना में हुई 30 गुना की वृद्धि



तिलक राज शर्मा
संपादक

तिलक राज शर्मा

इंसान की गतिविधियों की वजह से पैदा हुए जलवायु परिवर्तन ने बांग्लादेश, भारत, लाओस और थाईलैंड में रिकॉर्ड तोड़ उमस भरी ताप लहर (हीटवेव) की संभावनाओं को 30 गुना तक बढ़ा दिया है। वर्ल्ड वेदर एट्रीब्यूशन ग्रुप से जुड़े हुए प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए रैपिड एट्रीब्यूशन एनालिसिस में यह बात सामने आई है। इस अध्ययन में यह भी निष्कर्ष निकाला गया है कि हीटवेव के लिहाज से दुनिया के सबसे प्रमुख इलाकों में आने वाले इस क्षेत्र की उच्च जोखिमशीलता की वजह से दुष्प्रभाव कई गुना बढ़ गए हैं।

इस रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिये बुधवार को वेबिनार आयोजित किया गया। इसमें ग्रंथम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट चेंज एंड एनवायरमेंट में जलवायु विज्ञान की सीनियर लेक्चरर फ्रेडरिक ओटो, कोपनहेगन यूनिवर्सिटी में कोपनहेगन सेंटर फॉर डिजास्टर रिसर्च के निदेशक एमैनुअल राजू, रिपोर्ट के लेखक छाया वद्धनाफुति, मरियम जकरिया और अंशु ओगरा ने रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

ज़मीनी हक़ीक़त

अप्रैल में दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी एशियाई हिस्सों में प्रचंड ताप लहर महसूस की गई। इस दौरान लाओस में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और थाईलैंड में 45 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। गर्मी की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, चिटकने की वजह से सड़कों को नुकसान हुआ, जगह-जगह आग लग गई जिसके परिणाम स्वरूप स्कूलों को बंद करना पड़ा। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई जिनका कोई हिसाब नहीं है।

पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की वजह से हीटवेव की घटनाएं बहुत आम हो गई हैं। इतना ही नहीं, उनकी अवधि बढ़ गई है और वह ज्यादा गर्म भी हो गई है। एशियाई हीटवेव पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की मात्रा का आकलन करने के लिए वैज्ञानिकों ने मौसम संबंधी डाटा और कंप्यूटर मॉडल सिमुलेशन का विश्लेषण किया ताकि आज के मौसम और 19वीं सदी के अंत से लेकर ग्लोबल वार्मिंग में 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने तक की जलवायु की तुलना की जा सके। इसके लिए सहयोगियों द्वारा समीक्षा (पियर रिव्यू) की विधि को अपनाया गया।

कैसे हुआ अध्ययन

इस अध्ययन में दो क्षेत्रों में अप्रैल महीने के दौरान लगातार के 4 दिनों में हीट इंडेक्स के अधिकतम तापमान और अधिकतम मूल्य के औसत का विश्लेषण किया गया। इन क्षेत्रों में से एक दक्षिणी तथा पूर्वी भारत और बांग्लादेश का है और दूसरा थाईलैंड और लाओस के संपूर्ण क्षेत्र का है। हीट इंडेक्स एक ऐसा पैमाना है जिसमें तापमान और नमी को एक साथ जोड़ा जाता है और इसके जरिए मानव शरीर पर हीटवेव के पड़ने वाले प्रभावों को और सटीक ढंग से जाना जाता है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि दोनों ही क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन की वजह से नमी भरी हीटवेव की आशंका कम से कम 30 गुना ज्यादा हो गई है और जलवायु परिवर्तन नहीं होने की स्थिति के मुकाबले तापमान में कम से कम 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। जब तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को पूरी तरह नहीं रोका जाएगा तब तक वैश्विक तापमान में वृद्धि जारी रहेगी और हीटवेव जैसी मौसमी घटनाएं और अधिक तीव्र हो जाएंगी। साथ ही वे जल्दी-जल्दी घटित होंगी।

बात भारत की

बांग्लादेश और भारत में हाल ही में उत्पन्न हुई नमी भरी हीटवेव की घटनाएं एक सदी में औसतन एक से कम ही बार होती रही हैं लेकिन अब हर 5 साल में एक बार ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना पैदा हो चुकी है और अगर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी का स्तर 2 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हुआ तो नमी भरी हीटवेव हर दो साल में कम से कम एक बार उत्पन्न होगी। जहां तक ग्लोबल वार्मिंग में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की बात है तो अगर सरकारी तत्वों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई तो वैश्विक तापमान में वृद्धि का स्तर 30 साल के अंदर 2 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा।

वैज्ञानिकों ने पाया कि लाओस और थाईलैंड में हाल की रिकॉर्ड तोड़ नम हीटवेव की घटना जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बिना होना लगभग नामुमकिन था। यह अब भी बहुत दुर्लभ घटना है और इंसान की गतिविधियों के कारण उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बावजूद 200 साल में कहीं एक बार ऐसा होने की अपेक्षा की जाती रही है लेकिन अगर वैश्विक तापमान में वृद्धि 2 डिग्री सेल्सियस के स्तर तक पहुंची तो ऐसी घटना हर 20 साल में एक बार होना आम बात हो जाएगी।

जहां दक्षिण और दक्षिणपूर्वी एशिया में अधिक गर्मी पड़ना एक सामान्य सी बात है, वहीं इसी बार की तरह हीटवेव का जल्द प्रभावी हो जाना खास तौर पर बहुत विनाशकारी होगा। ऐसे लोग जो सबसे ज्यादा समय तक सूरज की तपिश के संपर्क में रहते हैं और अन्य जोखिमशील समुदाय लगातार सबसे बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ताप लहर से बचने के उपायों को असमानता और मौजूदा जोखिमशीलता के तकाजों के लिहाज से सुधारना जरूरी है। साथ ही साथ हीट एक्शन प्लान को और अधिक समावेशी तथा विस्तृत बनाने की जरूरत है ताकि मूलभूत सेवाएं जैसे कि पानी, बिजली और स्वास्थ्य तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

विशेषज्ञों की राय

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुपति के चंद्रशेखर बहिनीपति ने कहा, हालांकि हमने खासकर भारत, बांग्लादेश और थाईलैंड जैसे देशों में ताप लहरों को सबसे घातक आपदाओं में से एक के तौर पर पहचाना है, मगर इस बात को लेकर जानकारी की कमी है कि कौन समुदाय जोखिमशील है। इसके अलावा हानि और क्षति का आकलन, घरेलू स्तर पर निपटने के तंत्र और सबसे प्रभावशाली हीट एक्शन प्लान के बारे में भी जानकारी की कमी है। सिर्फ जनहानि को छोड़कर अन्य आर्थिक, गैर आर्थिक नुकसान तथा क्षति के संकेतकों का दस्तावेजीकरण नहीं किया गया है। इससे जोखिम की सीमा का आकलन करने, कौन जोखिम से घिरा है और किसी अनुकूल योजना को किस तरह से संचालित किया जाए, इसका आकलन करने में भी परेशानी पैदा होती है।

ग्रंथम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट चेंज एंड एनवायरमेंट में जलवायु विज्ञान की सीनियर लेक्चरर फ्रेडरिक ओटो ने कहा, 卐हम यह बार-बार देख रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन की वजह से ताप लहरों की तीव्रता और आवृत्ति में नाटकीय रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है। यह ताप लहरें सबसे घातक मौसमी घटनाओं में से हैं। इसके बावजूद हीट एक्शन प्लान को पूरी दुनिया में बहुत धीमी रफ्तार से पेश किया जा रहा है। अब हर जगह पूर्ण प्राथमिकता वाली अनुकूलन कार्य योजना लागू करने की जरूरत है। खासकर उन स्थानों पर, जहां अधिक नमी की वजह से हीटवेव के प्रभाव में वृद्धि होती है।

कोपनहेगन यूनिवर्सिटी में कोपनहेगन सेंटर फॉर डिजास्टर रिसर्च के निदेशक एमैनुअल राजू ने कहा, 卐यह एक और आपदा है जो जोखिमशीलता को कम करने और अनुकूलन की सीमितताओं पर और गहराई से सोचने की जरूरत पर जोर देती है। जैसा कि अक्सर होता है कि इन मौसमी घटनाओं की वजह से हाशिए पर खड़े लोग सबसे बुरी तरह प्रभावित होता है। वे अब भी कोविड-19 महामारी और पूर्व में आई हीटवेव और चक्रवात की मार से उबर रहे हैं। हालात वजह से वे एक जटिल दुष्चक्र में फंस गए हैं। यह अब एक बुनियादी जरूरत बन गई है कि दिखने वाले और न दिखने वाले नुकसान को टालने के लिए न्यूनीकरण और अनुकूलन की रणनीतियों को लागू किया जाए।

रिपोर्ट के लेखक छाया वद्धनाफुति ने कहा, 卐हमारे अध्ययन में पाया गया है कि चारों देशों भारत, बांग्लादेश, लाओस और थाईलैंड में हीट इंडेक्स लेवल खतरनाक की श्रेणी में पाया गया है और यह 41 से 54 डिग्री सेल्सियस तक है। खासतौर पर नगरीय इलाकों में तापमान 54 डिग्री तक पहुंच सकता है जो अत्यधिक खतरनाक है। हीटवेव के संपूर्ण प्रभावों को जान पाना मुश्किल है। इसमें कुछ वक्त लग सकता है। इन सभी चार देशों में मौसम से संबंधित पूर्व चेतावनी की बेहतर व्यवस्था है। खास तौर पर भारत और बांग्लादेश में हीट एक्शन प्लान बनाए गए हैं और उन पर काम भी किया जा रहा है, लेकिन इन पर अभी और सार्थक रूप से काम करने की जरूरत है।

रिपोर्ट की एक अन्य लेखक मरियम जकारिया ने रिपोर्ट के बारे में बताते हुए कहा कि इस अध्ययन के लिए हीट इंडेक्स को एक वेरिएबल के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। यह इस तथ्य के मद्देनजर किया गया की नमी और तापमान का मानव स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। अनुमानों के आधार पर हमने पाया कि इसकी इंडेक्स वैल्यू दोनों ही क्षेत्रों में 41 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है जो खतरनाक की श्रेणी में आता है। हमने यह पाया है कि जलवायु के मौजूदा हालात में यह अप्रत्याशित नहीं है। आकलन और मॉडल्स को एक साथ जोड़ें तो नमी भरी हीटवेव की घटनाएं बढ़ेंगी।

रिपोर्ट तैयार करने वाली टीम की सदस्य अंशु ओगरा ने कहा, 卐जोखिमशीलता हीटवेव के लिए खुद को तैयार करने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण घटक है। जोखिम शीलता विभिन्न देशों और यहां तक कि क्षेत्रों में भी अलग-अलग है। इसके लिए सामाजिक और आर्थिक कारक, पेशे, लिंग और शारीरिक क्षमता जैसे विभिन्न कारक जिम्मेदार हैं। हीट एक्शन प्लान में तैयारी के लिए जोखिमशीलता का आकलन एक निर्णायक पहलू होता है। इस वक्त भारत में राज्यों और जी लो के स्तर पर भी हीट एक्शन प्लान है, लेकिन रिपोर्ट में हमें थाईलैंड और लाओस में इस तरह की पहल ढूंढना मुश्किल हो गया। थाईलैंड जहां हीटवेव के बारे में बात करता है, वहीं लाओस में इस पर बात भी नहीं हो रही है।

अध्ययन के लेखक

यह अध्ययन वर्ल्ड वेदर एट्रीब्यूशन इनीशिएटिव के हिस्से के तहत 22 शोधकर्ताओं ने किया है। ये वैज्ञानिक भारत, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, केन्या, नीदरलैंड्स, ब्रिटेन और अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों और मौसम विज्ञान संबंधी एजेंसियों से जुड़े हैं। इनके नाम हैं:-

1. मरियम जकारिया, ग्रांथम इंस्टीट्यूट, इंपीरियल कॉलेज लंदन, यूके
2. रॉबर्ट वाउटार्ड, इंस्टीट्यूट पियरे-साइमन लाप्लास, सीएनआरएस, सोरबोन यूनिवर्सिटी, पेरिस, फ्रांस
3. चैत्र एस टी, वायुमंडलीय विज्ञान केंद्र, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, भारत
4. जॉयस जे किमुताई, ग्रांथम इंस्टीट्यूट, इंपीरियल कॉलेज लंदन, यूके
5. अरुलालन टी, भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार, वायुमंडलीय विज्ञान केंद्र, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, भारत
6. कृष्ण अच्युतराव, वायुमंडलीय विज्ञान केंद्र, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, भारत
7. क्लेयर बार्न्स, ग्रांथम इंस्टीट्यूट, इंपीरियल कॉलेज लंदन, यूके
8. रूप सिंह, रेड क्रॉस रेड क्रीसेंट क्लाइमेट सेंटर, द हेग, नीदरलैंड
9. माजा वाह्लबर्ग, रेड क्रॉस रेड क्रीसेंट क्लाइमेट सेंटर, द हेग, नीदरलैंड
10. जूली अरगिही, रेड क्रॉस रेड क्रीसेंट क्लाइमेट सेंटर, द हेग, नीदरलैंड्स; वैश्विक आपदा तैयारी केंद्र, वाशिंगटन डीसी, यूएसए; ट्वेंटी विश्वविद्यालय, नीदरलैंड
11. इमैनुएल राजू, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, वैश्विक स्वास्थ्य अनुभाग और आपदा के लिए कोपेनहेगन केंद्र
12. उपासना शर्मा, स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, भारत
13. अंशु ओगरा, स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, भारत
14. छाया वद्धनाफुति, भूगोल विभाग, चियांग माई विश्वविद्यालय, थाईलैंड
15. चंद्रशेखर बाहिनीपति, मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति, भारत
16. पेट्रा चाकर्ट, स्कूल ऑफ मीडिया, क्रिएटिव आर्ट्स एंड सोशल इंक्वायरी, कर्टिन यूनिवर्सिटी, पर्थ, ऑस्ट्रेलिया
17. राम चंद्रशेखरन, स्कूल ऑफ मीडिया, क्रिएटिव आर्ट्स एंड सोशल इंक्वायरी, कर्टिन यूनिवर्सिटी, पर्थ, ऑस्ट्रेलिया
18. कैरोलिना परेरा मार्गिडन, रेड क्रॉस रेड क्रीसेंट क्लाइमेट सेंटर, द हेग, नीदरलैंड्स; फैकल्टी ऑफ जियो-इन्फॉर्मेशन साइंस एंड अर्थ ऑब्जर्वेशन (आईटीसी), यूनिवर्सिटी ऑफ ट्वेंटी, एनस्किडे, नीदरलैंड्स
19. अर्पिता मंडल, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे, भारत; जलवायु अध्ययन में आईडीपी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे, भारत
20. क्लेमेंस श्विंगशक्ल, भूगोल विभाग, लुडविग-मैक्सिमिलियंस-यूनिवर्सिटैट मुन्चेन, म्यूनिख, जर्मनी
21. सजोकजे फिलिप, रॉयल नीदरलैंड मौसम विज्ञान संस्थान (केएनएमआई), डी बिल्ट, नीदरलैंड
22. फ्रेडरिक ई एल ओटो, ग्रांथम इंस्टीट्यूट, इंपीरियल कॉलेज लंदन, यूके

वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यूडब्ल्यूए) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो चरम मौसम की घटनाओं, जैसे कि तूफान, अत्यधिक वर्षा, गर्मी की लहरें, ठंड के दौर और सूखे पर जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभाव का विश्लेषण और संचार करता है।

डब्ल्यूडब्ल्यूए के पिछले अध्ययनों में वह शोध भी शामिल है जिसमें पाया गया कि जलवायु परिवर्तन ने इस साल नाइजीरिया और पश्चिम अफ्रीका के अन्य हिस्सों में बाढ़ को विकराल रूप दे दिया। डब्ल्यूडब्ल्यूए के अध्ययनों से यह भी पता चला है कि उत्तरी गोलार्ध में इस वर्ष जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखे की संभावना अधिक रही और इसने बारिश में वृद्धि की जिससे पाकिस्तान की विनाशकारी बाढ़ आई, लेकिन यह मेडागास्कर के 2021 के खाद्य संकट का मुख्य कारण नहीं था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं अलाइव न्यूज के मुख्य संपादक है।)

## गीता मॉडर्न स्कूल में मनाया गया 'मातृ दिवस'

Faridabad/Alive News

सेक्टर-23 संजय कॉलोनी स्थित गीता मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 'मातृ दिवस' मनाया गया। स्कूल में माताओं के लिए म्युजिकल चेयर, क्वीज, नृत्य, लेमन रेस का आयोजन किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चो ने स्कूल पहुंचने पर माताओं का स्वागत किया और अलग-अलग गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय की मुख्य अध्यापिका संध्या यादव ने कहा कि बचपन से ही बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए ताकि वह बड़े होकर समाज के अच्छे नागरिक बन सके। विद्यालय की अध्यापिका ज्योति ने मंच संचालन किया। विद्यालय की वाइस चेयरमैन मीरा शर्मा ने सभी माताओं व अध्यापकों का धन्यवाद किया।

## सीबीएसई बोर्ड में राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों का रहा सराहनीय प्रदर्शन

Faridabad/Alive News

शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पहली बार सीबीएसई बोर्ड से परीक्षा देने वाले जिले के राजकीय स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन रहा। स्कूल के अध्यापकों विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। एनआईटी 3 स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अंकित कुमार ने 500 में से 449 नंबर अंक प्राप्त कर मेडिकल संकाय में विद्यालय में, आतिश कुमार ने 500 में से 445 अंक प्राप्त कर नॉन मेडिकल में, नंदिनी गुप्ता ने 500 में से 443 अंक प्राप्त कर कॉमर्स संकाय में और मनीषा ने 500 में से 372 अंक प्राप्त कर कला संकाय में बाजी मारी। वहीं दसवीं कक्षा में चारु सैनी ने 500 में से 443 अंक प्राप्त किया। अंकित कुमार बारहवीं कक्षा के परिणाम में पूरे विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ रहा दसवीं कक्षा में चारु सैनी सर्वश्रेष्ठ रही। प्रधानाचार्य डॉ परेश गुप्ता ने बताया सीबीएसई बोर्ड से यह विद्यालय का प्रथम वर्ष था। विद्यालय का कुल परिणाम कक्षा बारहवीं का 80 फीसदी तथा कक्षा दसवीं का 81 फीसदी परिणाम रहा। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष जेईई मेंस की परीक्षा में 5 विद्यार्थियों ने बाजी मारी है विद्यालय परिवार निरंतर बेहतर परिणाम और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के अध्यापकों को भी बधाई दी।

## विद्यासागर स्कूल में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय 38वीं गर्ल्स तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू

Faridabad/Alive News

शुक्रवार को घरौंडा स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय 38वीं गर्ल्स तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम दिन में 15 जिले के गर्ल्स खिलाडियों ने भाग लिया। प्रथम दिन चलीं प्रतियोगिता में 150 से 200 गर्ल्स खिलाडियों ने भाग लिया। इस क्रम में विद्यालय परिसर में चल रही प्रतियोगिता में विजेता टीम एवं एकल तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितिय व तृतीत को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस क्रम में विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि विद्यासागर की जब से नींव रखी गई है तब से लेकर आज तक विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल ने बेटियों को हर क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इतना ही नहीं जहां एक तरफ स्कूल में छात्राओं को निशुल्क दाखिला किया हुआ है वहीं कोरोना काल से विद्यालय में खेल-पढ़ाई व अन्य प्रतियोगिताओं के लिए समय-समय छात्राओं एक स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाता रहा है। जो क्रम भविष्य में भी चलता रहेगा।

प्रतियोगिता ग्राउंड में स्कूल के चैयरमैन धर्मपाल यादव, विद्यालय के निदेशक दीपक यादव, शम्मी यादव, नारायण डागर, मोहित शर्मा, हरियाणा तीरदाजी संघ के अधिकारी टी.पी शर्मा, मनजीत मलिक, कपिल कौशिक, सुरेंद्र शर्मा, नीरज वशिष्ठ सचिव जिला तीरंदाजी संघ फरीदाबाद, सुरेंद्र यादव के अलावा खिलाडियों के साथ आएं महिला व पुरूष कोच की गरिमामय उपस्थिति रहीं। विद्यालय से मिले प्रदेश स्तरीय तीरंदाजी गर्ल्स प्रतियोगिता में अंडर-9 के प्रथम दिन के इंडियन राउंड प्रतियोगिता में हिसार की टीम प्रथम रही। वहीं कड़ी टक्कर के उपरांत झज्जर की टीम को द्वितिया स्थान प्राप्त हुआ। इंडियन राउंड प्रतियोगिता में गुरुग्राम की टीम को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा।

वहीं इसी क्रम में हुए एकल प्रतियोगिता में झज्जर की रिधिमा प्रथम, हिसार से हिमांशी द्वितीय और न्वया तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार प्रदेश स्तरीय अंडर-14 गर्ल्स इंडियन राउंड प्रतियोगिता में हिसार की टीम प्रथम स्थान पर रहीं। जबकि महेंद्रगढ़ द्वितीय स्थान पर तथा गुरुग्राम की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में हिसार की खिलाड़ी निकिता प्रथम पायदान पर खड़ी दिखाई दी। महेंद्रगढ़ की हर्षिता को द्वितीय स्थान और सिरसा की सनमीत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



## डीएवी स्कूल बल्लभगढ का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

Faridabad/Alive News

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम में डीएवी स्कूल बल्लभगढ़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बोर्ड में परीक्षा में 12वीं के 137 तथा 10वीं के 159 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यालय की कॉमर्स संकाय की छात्रा प्रियांशी गर्ग ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कला संकाय में अंजलि धनखड़ ने 92.8 प्रतिशत अंक तथा विज्ञान संकाय की छात्रा श्रेया साहा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, दसवीं कक्षा की राधिका ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

12वीं कक्षा में विषयानुसार इतने प्रतिशत के साथ विद्यार्थियों ने हासिल किये श्रेष्ट अंक

विद्यार्थियों ने विषयानुसार इंग्लिश में 97 प्रतिशत, फिजिक्स 91प्रतिशत, कॅमेस्ट्री 95 प्रतिशत, बिजनेस स्टडीज 96 प्रतिशत, म्यूजिक 100 प्रतिशत, पेंटिंग 95 प्रतिशत, कम्प्यूटर साइंस 99 प्रतिशत, फिजिकल एजुकेशन 96 प्रतिशत, बायोलोजी 95 प्रतिशत, गणित 99 प्रतिशत, इकोनोमिक्स 97 प्रतिशत, एकाउंट्स 96 प्रतिशत, इतिहास 90 प्रतिशत, राजनीति विज्ञान 97 प्रतिशत, इंफोर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस 97 प्रतिशत अंक हासिल किये।

10वीं कक्षा में विषयानुसार इतने प्रतिशत के साथ विद्यार्थियों ने हासिल किये श्रेष्ट अंक इंग्लिश में 98 प्रतिशत, हिंदी में 95 प्रतिशत, गणित में 97 प्रतिशत, विज्ञान में 99 प्रतिशत, सामाजिक विज्ञान में 100 प्रतिशत, संस्कृत में 97 प्रतिशत अंक हासिल किये।

विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्या नमिता शर्मा व स्कूल के शिक्षकों ने इस विशेष उपलब्धि पर सभी छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।






## Dynastians showcased an outstanding execution of hard work

***He credited the teachers for their success and dedication. Once again hearty congratulations to all the Dynastians and the collaborative efforts of parents, students and teachers on reaching the zenith of success.***


Faridabad/Alive News

There is no denying the fact that Dynasty International School, Faridabad has consistently delivered the best academic result every year. The historical data of the school formed a strong basis for our students to remain in the top notch list. Heartiest congratulations to all the students who have made us proud with their stupendous result in the class XII Board Examination (2022-23).



YASHVI AGGARWAL
98% (HUMANITIES)


KHUSHI MEHTA
96.3% (COMMERCE)


NANCY VERMA
96% (SCIENCE)


SHARANYA MATHUR


JASKIRAT KAUR


MEDHA

It is an honour for all of us that our school toppers, Yashvi Aggarwal (Humanities stream) scored 98% and Sharanya Mathur (Humanities stream) scored 97.2% followed by Nancy Verma (Science Stream) scored 96%, Medha (Science Stream) scored 95% followed by Khushi Mehta (Commerce stream) scored 96.5% and Jaskirat Kaur (Commerce Stream) scored 95%. Subject wise students scored 100 marks in Physical Education, 99 marks in Political Science, 99 marks in Painting, 98 marks in Business, 98 marks in English, 98 marks in Geography, 98 marks in Psychology, 96 marks in Computer Science, 95 marks in athematics, 95 marks in Accounts, 95 marks in Chemistry, 95 marks in Biology, 95 marks in History, 95 marks in Economics and 91 marks in Sanskrit.

Our Principal, Mr. Nitin Verma applauded the hardwork and persistent efforts by the students which eventually made them shine bright against all odds. He credited the teachers for their success and dedication. Once again hearty congratulations to all the Dynastians and the collaborative efforts of parents, students and teachers on reaching the zenith of success.

## Outstanding Performance FMS students in CBSE Class X and XII Board Examination

Faridabad/Alive News

FMS Class X and XII Students performed exceptionally well in CBSE Board Examination 2023. In Class X, Tanvi Bhardwaj topped with an aggregate of 96.5% followed by Shiwendra Shiwam Jha with 95.7%, Ankush Jha with 95.3%. Nishtha Rathi and Tanvi Bhardwaj topped in Computer with 100% marks. Tanvi Bhardwaj topped in English with 99% marks. In Hindi, Shiwendra Shiwam Jha and Tanvi Bhardwaj scored 98%marks. In Science, Shiwendra Shiwam Jha scored 98% marks. In Social Science, Ankush Jha, Tanvi Bhardwaj, Jihan Kohli, Nishtha Rathee and Pravir Somprabh scored 97% marks. In Mathematics, Sakshi, Ankush Jha, Shiwendra Shiwam Jha, Piyush Goyal and Uttkarsh Srivastava scored 95% marks. In Class XII, Science Stream Nishant topped with an aggregate of 93.6% followed by Saksham Mittal with 91.4% and Vaishali Verma topped with an aggregate of 90.8% in Commerce Stream. In Class X, 134 students secured above 90% marks in different subjects and in Class XII, 52 students secured above 90% marks in different subjects CBSE Board Examination.



The Principal Mr. Umang Malik and the Academic Director Mrs. Shashi Bala congratulated all the students and blessed them for a great future ahead.

# Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## एचएमपी स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार




Faridabad/Alive News

सेक्टर-23 की संजय कॉलोनी स्थित एच.एम.पी. सैकेण्डरी स्कूल का सैकेण्डरी परीक्षा का परिणाम विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी शानदार रहा। कुल 76 विद्यार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय प्रबंधक डी.सी. शर्मा ने बताया कि स्कूल की छात्रा नेहा कुमारी यादव ने 500 में से 483 अंक (9.60 जीपीए) लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नेहा कुमारी ने 480 अंक (9.60 जीपीए) प्राप्त कर तथा तृतीय स्थान पर प्राची ने 464 अंक (9.20 जीपीए) प्राप्त कर रहीं। गणित विषय में निधि कुमारी ने 100 अंक, नेहा यादव ने 99 अंक, मनीषा ने 98 अंक, नेहा कुमारी ने 96 अंक तथा साक्षी कुमारी ने 95 अंक प्राप्त कर मैरिट सूची में स्थान बनाया। अंग्रेजी, साइंस, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान तथा कम्प्यूटर साइंस विषय में भी लगभग 25 प्रतिशत विद्यार्थियों ने लगभग 90 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक डी.सी. शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वे इसी प्रकार परिश्रम कर प्रतियोगिता के इस युग में अपना अच्छा प्रदर्शन करते रहे।। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम तथा समस्त स्टाफ के अथक प्रयास को दिया है।

## आशा नन्द स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

Faridabad/Alive News

एसजीएम नगर स्थित आशा नन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल का बारहवीं और दसवीं कक्षा हरियाणा बोर्ड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण आर्या, प्रिंसिपल अलका आर्या और अध्यापकों ने मैरिट, प्रथम श्रेणी से पास होकर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रिंसिपल अलका आर्या ने बताया कि सोमवार को हरियाणा बोर्ड बारहवीं के परीक्षा में स्कूल के छात्र निखिल जुनेजा ने 500 में से 416 अंक और जहीर खान ने 500 में से 411 अंक लेकर पूरे क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। इसी तरह छात्र प्रेम सिंह राठौर ने 381अंक, छात्रा नेहा भड़ाना ने 380 अंक, रजिया ने 374 अंक, प्रियांशी ने 358 अंक, आस्था शर्मा ने 353 अंक, प्रिया ने 347 अंक,




तुषार ने 345 अंक लेकर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

**दसवीं कक्षा में तीन विद्यार्थी स्कूल मे रहे प्रथम, द्वितीय और तृतीय**-हरियाणा बोर्ड दसवीं की परीक्षा में छात्र इंदरजीत ने 81 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया, छात्रा सिमरन कुमारी ने 79 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में द्वितीय पर रही और करीना कश्यप 78 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि स्कूल के छात्र हरिओम सिंह कुशवाह ने 77 प्रतिशत अंक, माही ने 77 प्रतिशत अंक, मनप्रीत कौर ने 75 प्रतिशत अंक, परी कुमारी ने 74 प्रतिशत अंक, आयुष ने 69 प्रतिशत अंक, कोमल रानी ने 68 प्रतिशत अंक, लायबा राहत सेफी ने 68 प्रतिशत अंक, देव ने 67 प्रतिशत अंकऔर कृष ने 67 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में अपना नाम रोशन किया है और शेष विधार्थियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय में परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण आर्या ने सभी विधार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ये परिणाम स्कूल के अध्यापकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत का है। उन्होंने कहा कि किसी भी विधार्थी के भविष्य को संवारने में जैसे अध्यापक की अधिक भूमिका होती है, वैसे ही स्कूल को श्रेष्ट श्रेणी में बनाने के लिए अभिभावकों की भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आज जो परीक्षा फल विधार्थियों को मिला है वह अभिभावकों के द्वारा स्कूल के सहयोग से मुमकिन हो पाया है। स्कूल के चेयरमैन ने बताया कि स्कूल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना परीक्षा परिणाम शानदार दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एकजुट कांग्रेस हरियाणा में परिवर्तन के लिए तैयार है–दीपेन्द्र सिंह हुड्डा

Faridabad/Alive News

राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एक दिवसीय दौरा करके कांग्रेसियों का हालचाल जाना व सुख दुख में शामिल हुए इसी क्रम में ओल्ड फरीदाबाद में एडवोकेट राजेश खटाना के घर पहुंचने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजेश खटाना और विकास वर्मा के साथ मिलकर फूल मालाओं से स्वागत किया। रात के दस बजे हजारों की भीड़ को देख गदगद हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जनता भाजपा के कुशासन से तंग है और कांग्रेसी प्रदेश में परिवर्तन के लिए तैयार हैं। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार फरीदाबाद में नगर निगम चुनाव न करवाकर लोकतांत्रिक संस्थानों का गला घोंटने का काम कर रही है। जिसे कांग्रेस बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा को पता है कि जनता उनके भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और निगम चुनावों में उन्हें धूल चटाने के लिए तैयार बैठी है। इसीलिए नगर निगम के चुनावों को टाल रही है। हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद में करोड़ों रुपयों के घोटाने हुए हैं। जिनकी जांच की जानी चाहिए और इनमें रत सफेदपोशों को भी जेल भेजा जाना चाहिए। यदि भाजपा ऐसा नहीं करती है तो हम कांग्रेस की सरकार आने पर भ्रष्टाचारियों को जेल भिजवाने का काम करेंगे। दीपेन्द्र ने मौजूद लोगों से कहा कि प्रदेश में सीएम मनोहर लाल स्वयं संवाद कर रहे हैं और अपनी बात रखने वाले महिला, पुरुषों को बेइज्जत किया जा रहा है। वहीं हरियाणा में डबल इंजन की भ्रष्ट सरकार चल रही है जिससे जनता बड़ी तंग है और जल्द ही परिवर्तन के लिए तैयार है। इससे पहले यहां पहुंचने पर एडवोकेट राजेश खटाना ने दीपेन्द्र सिंह हुड्डा का साथियों सहित जोरदार स्वागत किया। हुड्डा ने भी खटाना की पीठ थपथपाई और जनसेवा में लगे रहने की बात कही। तत्पश्चात आए हुए सभी लोगों का आभार जताते हुए एडवोकेट राजेश खटाना ने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के आने से हमारा मनोबल और बढ़ा है। इस अवसर पर विधायक नीरज शर्मा, विजय प्रताप, लखन सिंगला, शारदा राठौर, तरुण तेवतिया, प्रवक्ता विकास वर्मा एडवोकेट, रेनू चौहान, ज्ञान चंद आहूजा, सुमित गौड, वेदपाल दायमा, नितिन सिंगला, ब्रह्म खटाना,वीरपाल गुर्जर, रिंकू चंदीला, अनिल शर्मा, नीरज गुप्ता,देशपाल, टैक्स बार एसोसिएशन पूर्व प्रेसीडेंट संदीप सेठी, फरीदाबाद सीएमए चैप्टर के पूर्व चेयरमैन सचिन कथूरिया, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कृष्ण, सन्नी बादल, विरेंद्र मास्टर, मयंक, फिरे पोसवाल आदि।

## शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत




Faridabad/Alive News

डबुआ-गाजीपुर रोड स्थित शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक शोभित आजाद ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

निदेशक शोभित आजाद ने बताया कि स्कूल के छात्र अर्पित कुमार ने 89.6 प्रतिशत, अंजली ने 85.4 प्रतिशत रिया ने 85. 4 प्रतिशत, निशु ने 82.8 प्रतिशत, प्रिया ने 82.4 प्रतिशत, मिनाक्षी ने 80.8 प्रतिशत, सोहन ने 80 प्रतिशत, पलक ने 78.6 प्रतिशत, आदर्श ने 76 प्रतिशत, चमन ने 75.2 प्रतिशत, लवकुश ने 70 प्रतिशत, करिश्मा ने 70 प्रतिशत, सोनिया ने 70 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

निदेशक शोभित आजाद ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वे इसी प्रकार परिश्रम कर प्रतियोगिता के इस युग में अपना अच्छा प्रदर्शन करते रहे। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम एवं अभिभावकों के बहुमूल्य प्रयास तथा समस्त स्टाफ के अथक प्रयास को दिया है।

## अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में मरीजों ने सांझा किया अनुभव

Faridabad/Alive News

मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने सर्जरी से पहले और बाद में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए मरीजों और उनके को आमंत्रित कर लिवर प्रत्यारोपण की सफलता का जश्न मनाया। मरीजों ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। मरीजों के साथ टीम का नेतृत्व मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. पुनीत सिंगला ने किया। डॉ ऋषभ जैन, डायरेक्टर, एनेस्थेटिस्ट और आईसीयू केयर सर्जरी सहित अन्य मौजूद रहे। डॉक्टरों की मानें तो लिवर व्यक्ति के शरीर में सबसे बड़े अंगों में से एक है और भोजन का पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मेटाबॉलिज्म ठीक बनाए रखने का कार्य करता है।

ट्रांसप्लांट की नौबत जीवनशैली से जुडी कुछ स्वास्थ्य समस्याओं (मोटापा, हाई, डायबिटीज), संक्रमण की चपेट में आने और लिवर की बीमारी के कारण भी आ सकती है। 40 वर्षीय सतविंदर सिंह (बदला हुआ नाम) मरीज डॉ. पुनीत के पास लाया गया था। ऐसे मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना (शिफ्ट करना) अपने आप में एक कठिन और जोखिम भरा काम है, उन्हें लगभग 400 किलोमीटर से सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया।

**डायरेक्टर एवं एचओडी-लिवर ट्रांसप्लांट**

डॉ पुनीत सिंगला ने कहा कि जब एक सर्जन अपने द्वारा अंग प्रत्यारोपण के माध्यम से इलाज किए गए मरीजों




को बेहतर स्वास्थ्य स्थिति में देखता है तो उसके लिए इससे बढ़कर कुछ और नहीं हो सकता है। लिवर शरीर का एकमात्र ऐसा अंग है जिसमें फिर से आकार में बढ़ने की अदभुत क्षमता है। दूसरे शब्दों में, लिवर फिर से बढ़ जाता है। फिर से आकार में बढ़ने की अदभुत क्षमता के कारण ही आंशिक लिवर प्रत्यारोपण संभव है। इस दौरान मरीजों के परिजनों को भी जागरूक किया गया।

## ज्ञानदीप स्कूल दसवीं की परीक्षा में 22 विद्यार्थी मैरिट में

Faridabad/Alive News

एसजीएम नगर स्थित ज्ञानदीप पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा। बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 22 छात्र-छात्राओं ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया। जिसमें से पहले स्थान पर अजय मौर्य 95.2 प्रतिशत, दूसरे स्थान पर नीतू 86.6 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर शिवा मौर्य 86.4 प्रतिशत इसके अतिरिक्त मीनाक्षी 86.2 प्रतिशत, मानसी मौर्य 86 प्रतिशत राधिका 86 प्रतिशत, प्रिया कुमारी 85 प्रतिशत, शिवम 84.6 प्रतिशत, पूजा 84 प्रतिशत, इशिका 82.6 प्रतिशत, तैय्यब 80.8 प्रतिशत, अलिमा 80.8 प्रतिशत, सौरभ 80.4 प्रतिशत, दिव्यम 79.6 प्रतिशत, अमरनाथ 78.6 प्रतिशत, निखिल 78. 4 प्रतिशत, मुस्कान सिंह 76.8 प्रतिशत, सुमित 76.6 प्रतिशत, अजीत 74.2 प्रतिशत, प्रिंस 74 प्रतिशत, गौरव कुमार 74 प्रतिशत, विशाल तंवर 71.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। पूरे स्कूल में 23 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा पुलिस में तैनात इंस्पेक्टर दिनेश कुमार तथा समाजसेवी हिमान्शु शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर आशीर्वाद देते हुए दिनेश कुमार ने कहा कि आज के छात्र




देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि मेरी ओर से आगामी वर्ष में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप भेंट किए जाएगें।

स्कूल के चेयरमैन पं. शिवचरण दास ने छात्र-छात्राओं को मैडल, सर्टिफिकेट भेंट किए तथा स्कूल के वाइस चेयरमैन ने अभिभावकों को भी मंच पर सम्मानित किया। इसके अलावा डायरेक्टर सोनू शर्मा व वाइस प्रिंसीपल डिम्पल शर्मा तथा कंचन शर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आगामी परीक्षाओं में और अधिक मेहनत करने को कहा। स्कूल के प्रिंसीपल डा. मानव शर्मा ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत करने से सफलता हासिल होती है। इसलिए प्रत्येक छात्र को बिना संकोच किए मेहनत व लगन से पढ़ाई कर आगे बढ़ाना चाहिए तभी जाकर उन्हें भविष्य में सफलता मिलती है। स्कूल की संस्थापिका सावित्री देवी, अध्यापिका हरजीत कौर, रानी, शैफाली अग्रवाल, संदीप, पूनम जोशी, मिनाक्षी आदि मौजूद रहे।

## जी. बी. स्कूल के छात्र सौरव पांडेय और लक्ष्य पाराशर ने क्षेत्र में लहराया परचम



Faridabad/Alive News

फरीदाबाद तिलपत स्थित जी. बी. पब्लिक सी. सै. स्कूल का सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बोर्ड में स्कूल के विद्यार्थी सौरव पांडेय और लक्ष्य पाराशर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल में टॉप किया है। चेयरमैन पं. शिवकुमार और प्रधानाचार्य रंजीत भारती ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लेने वाले सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्जवल की कामना की। प्रधानाचार्य रंजीत भारती ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड बारहवीं के कॉमर्स संकाय में सौरव पांडेय ने 91 प्रतिशत अंक और लक्ष्य पाराशर ने 90 प्रतिशत अंक, कुमकुम ने 87 प्रतिशत अंक, भावेश ने 86 प्रतिशत अंक, ध्रुव दीक्षित ने 85 प्रतिशत अंक, सिमरन ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इसके अलावा कला संकाय में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की छात्रा परी रानी ने 86 प्रतिशत अंक, आकांक्षा सेठ ने 86 प्रतिशत अंक, भावना शर्मा ने 85 प्रतिशत अंक और निखिल ने 80 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। दूसरी ओर दसवी कक्षा में विषयवार अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी उज्जवल कुमार ने हिंदी में 86 एवं अंग्रेजी में 85, इसी प्रकार ट्विंकल ने हिंदी में 95 एवं अंग्रेजी में 86, विज्ञानं में 91, सामाजिक विज्ञानं में 82 और अंजलि ने हिंदी में 91 तथा पल्लवी ने हिंदी में 85, काजल कुमारी ने हिंदी में 91, वही पंकज शर्मा ने हिंदी में 81, इसी प्रकार राखी ने हिंदी में 94 एवं सामाजिक विज्ञानं में 80 और यक्ष शर्मा ने हिंदी में 93 अंक अर्जित किये। इसके अलावा मेघा ने हिंदी में 84 अंक, ऋतुराज ने हिंदी में 88 एवं सामाजिक विज्ञानं में 82, आँचल मिश्रा ने हिंदी में 88, रिया पाण्डेय ने हिंदी में 94, अंग्रेजी में 86, गणित में 83, विज्ञानं में 93, सामाजिक विज्ञानं में 88, तरुण कुमार ने हिंदी में 91, सामाजिक विज्ञानं में 83, जयम श्रीवास्तव ने हिंदी में 88, अंग्रेजी में 91, विज्ञानं में 80, सामाजिक विज्ञानं में 94, तेजस शर्मा ने हिंदी में 91, दिव्या ने हिंदी में 80, राघव लावनिया ने हिंदी में 87, अंकिता ने हिंदी में 85, स्वाति कुमारी ने हिंदी में 91, सामाजिक विज्ञानं में 83, साक्षी ने हिंदी में 89, शिवानी कुमारी ने हिंदी में 93, अंग्रेजी में 94, स्तुति कुमारी ने हिंदी में 90 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। चेयरमैन पं. शिवकुमार, डायरेक्टर दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य रंजीत भारती, अध्यापकों और स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। चेयरमैन पं. शिवकुमार ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में स्कूल ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने इस परिणाम का श्रेय अध्यापकों और विद्यार्थियों के अभिभावकों को दिया।

## पंच प्रण ही अमृत काल में 2047 के विकसित भारत के प्रमुख स्तंभ सांसद गुर्जर

Faridabad/Alive News

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद द्वारा जज्बा फाउंडेशन के सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत प्रधानमंत्री द्वारा दिए अमृत काल के पंच प्रण की 2047 के भारत की संकल्पना भीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कृष्णपाल गुर्जर (केंद्रीय राज्य मंत्री भारी उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री भारत सरकार) रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक जी के द्वारा की गई। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप एस. ड़ी. एम. परमजीत सिंह चहल व खेड़ी गुजरान महाविद्यालय की प्राचार्य सुनीता मालिक जी का भरपूर सहयोग रहा।

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में पंच प्रण पर आधरित भाषण, काव्य लेखन, पॉटग, मोबाइल फोटोग्राफी, सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी, कृषि विज्ञान केंद्र, पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट व स्टार्ट-अप इन्क्यूबेशन सेंटर अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगा कर विभागों से जुड़ी सम्पूर्ण जानकारी साझा की गई व सभी अतिथिगण, आगंतुकों और प्रतिभागियों ने अवलोकन कर उत्पादों की खरीदारी भी की।

इस अवसर पर सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए अमृत काल के पंच प्रण हो भारत को आगामी 25 सालों में नई ऊंचाई पर ले जा सकते है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमारी शक्ति बढ़ रही है। आज पूरा विश्व भारत की और बड़ी उम्मीद से देख रहा है। अब आने वाले दो दशक में हम विश्व के सबसे बड़ी शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद को बधाई देते हुए कहा कि नेहरू युवा केन्द्र युवाओं के सर्वांगीण विकास में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है।

जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला युवा उत्सव 2023 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 200 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुजाता, काव्य लेखन में प्रथम स्थान पर किरपान, चित्रकला में प्रथम स्थान पर रोहित नागर, फोटोग्राफी में कोमल एवं सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान पर राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान की टीम रही।

जिला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य , नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी के द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह पारितोषिक प्रदान किया गया। जो कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। कार्यक्रम में फरीदाबाद जिले के सभी ब्लॉकों के प्रतिभागी और 800 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। मंच संचालन डॉ सुनील शर्मा जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राकेश कुमार (एन. एस. एस. कोऑर्डिनेटर), डॉ सुनील शर्मा, केशब गौर, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विजयपाल, सुमन, हर्ष कौशिक, कविता, टीनू शर्मा, अनिता, संगीता, आशा, दीपक शर्मा, हिमांशु भट्ट आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## फरीदाबाद के 9 खिलाडियों ने ग्रेपलिंग में झटके गोल्ड मेडल




Faridabad/Alive News

रोहतक में आयोजित हुई स्टेट ग्रेपलिंग खेल प्रतियोगिता में फरीदाबाद के खिलाडियों ने परचम लहराया। ग्रेपलिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी दुष्यंत सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रशिया, पिंकी, पूजा, ध्रुव, सौर्य, संजीव, वेदांशी, सार्थक जैन, पर्व सैनी ने गोल्ड मेडल हांसिल किया। जबकि कनक मंडल, अभिषेक, विशाल, कृष कामती, कृष सिंह ने सिल्वर मेडल हांसिल किया। वहीं वर्धन पांडे, सात्विक मिश्रा, धनश्याम ने ब्रांज मेडल हासिल किया। पदक हासिल करने वाले खिलाडियों का बल्लभगढ स्थित मॉशर्ल आर्ट एकेडमी में फूल माला डालकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कोच दिवाकर सैनी ने बताया कि पदक हांसिल करने वाले खिलाड़ी 1 जून से 4 जून तक नेशनल ग्रेपलिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे जो कि मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नेशनल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे और हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेगें। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में खेलों में आगे है। सरकार भी खेलों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि देश का गौरव बढ़ाने के लिए खेलों में भाग लें। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

## बालाजी कॉलेज में छठे दीक्षांत समारोह का आयोजन

Faridabad/Alive News

बल्लभगढ़ स्थित बालाजी कॉलेज में छठी दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम भारतीय परिधान एवं रूप से वातावरण में आयोजित किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आयुष विभाग हरियाणा सरकार की निदेशक डॉ संगीता सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि ÷मनुष्य के श्रेष्ठतम व्यवहार को तैयार करना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य है। मनुष्य की यात्रा अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ती है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हालांकि पश्चिमी प्रभाव के कारण हम स्वदेशी ज्ञान से दूर हुए हैं और कहीं ना कहीं इसका खोखलापन समाज को महसूस भी हो रहा है। इस प्रकार की स्थिति ही पाठ्यक्रम एवं शिक्षा पद्धति में बदलाव का आधार रखती है। मनुष्य के अंदर अनेकों चिंताएं, तृष्णाये और वैमनस्य जैसी स्थिति उसकी मानसिक अपरिपक्वता के कारण होते हैं। यहीं से शिक्षा का कार्य शुरू होता है। शिक्षा से चेतना में शांति, अहिंसा और सद्भाव का वह फूल खिलता है, जिसकी सुगंध से सारी सृष्टि, जीव जगत का कल्याण




होता है।

बालाजी कॉलेज का छठा दीक्षांत समारोह में पूरा भारतीय तरीके से आयोजित किया गया। जिसमें तिरंगा पटका और भारतीय टोपी पहनाकर छात्र छात्राओं को शिक्षा स्नातक क्रश्वस्त्र की डिग्री प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह में केमिकल एवं फर्टिलाइजर मंत्रालय, भारत सरकार की निदेशक मंजुला सक्सेना ने अध्यक्षता की और मनुष्य की सहज वृत्ति को दीक्षांत और शिक्षा के श्रेष्ठतम एवं परिष्कृत पुष्प के रूप में बताया। मनुष्य का भटकाव खत्म हो और वह एकाग्र होकर जीवन के उद्देश्य एवं इनकी सार्थकता पर कार्य कर अपने जीवन को सफल कर सके यह शिक्षा का उद्देश्य है। एक सच्चा गुरु अपनी श्रेष्ठ मार्गदर्शन से जीवन के असमंजस एवं तनाव को दूर कर सहज वृत्ति की ओर ले जाता है जहां मनुष्य स्वप्रेरणा से आगे की यात्रा में चला जाता है और स्वयं को जानकर स्वयं परिवर्तन कर समाज के मार्गदर्शन का काम करता है।

दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली से प्रोफेसर वीरागोनी सिरीशा ने भी मार्गदर्शन कर शुभकामनाएं दी।

बालाजी कॉलेज के निदेशक जगदीश चौधरी ने बताया कि सत्र 2017 से 19 और 2018 से 20 के क्रश्वस्त्र के 200 छात्र छात्राओं को आज उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि बालाजी कॉलेज बल्लभगढ़ नित्य नए प्रयोग कर भारतीय संस्कृति को पुनर्स्थापित करने हेतु अग्रणी भूमिका में रहता है। यह कार्यक्रम भी महिला सशक्तिकरण का प्रतीक रहा जिसमें अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, मंच संचालन एवं सभी प्रकार के कार्य महिलाओं द्वारा किए गए।

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत, लोक नृत्य, पर्यावरणीय नाटिका के द्वारा जन जागृति का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी श्रीकृष्ण सिंघल, वाईएमसीए विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर अरविंद गुप्ता, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दिल्ली से उपनिदेशक डॉ वीर अभिमन्यु कुमार, हार्ट फूलनेस संस्था के फरीदाबाद सेंटर से एस.पी शर्मा, आचार्य चेतन प्रकाश सहित दर्जनों विशिष्ट व्यक्तियों के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज की आचार्य ममता मलिक, उषा डागर, सुषमा, निधि गुप्ता, दिनेश कुमारी, रेनू, मंजू डागर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# DAV School-37 has Excellent result in CBSE Board Exam




**Faridabad/Alive News**


